हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026



# 19 मार्च से नवरात्रि संग प्रारंभ होगा नव संवत्सर, मंदिरों में शुरू हुई तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धार्मिक खबर

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत 19 मार्च से होगी। इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ योग संयोग बनने वाला है। पंचांग की गणना के अनुसार नव वर्ष की शुरूआत में गुरु का गोचर मिथुन राशि में रहेगा। जबकि साल के मध्य में गुरू का गोचर कर्क राशि से होगा और साल के अंत में सिंह राशि में संचार करेंगे। साथ ही राहु और केतु भी इस संवत के अंतिम भाग में राशि परिवर्तन करेंगे। जबकि शनि इस संवत में मीन राशि में संचार करेंगे। हिंदू नववर्ष के राजा गुरू होंगे। नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च से होगी। समापन 27 मार्च को होगा।

## विक्रम संवत 2083: गुरू ही राजा, यह रौद्र संवत्सर, सालभर दिखाएगा प्रभाव

### प्रतिपदा पर बनेंगे विशेष योग

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी 19 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्ल योग और ब्रह्म योग का भी संयोग रहेगा। शुक्ल योग प्रातः काल से रात 1:17 बजे तक रहेगा। इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ होगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन राहुकाल दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। इस समय शुभ कार्य करने से बचना चाहिए।

### खास बातें

- नौ दिनों का होगा नवरात्र पर्व
- मंदिरों में ज्योति कलश की भी तैयारियां तेज



**बन रहा शुभ योग संयोग:** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत 19 मार्च से होगी। इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ योग संयोग बनने वाला है। पंचांग की गणना के अनुसार नव वर्ष की शुरूआत में गुरु का गोचर मिथुन राशि में रहेगा। जबकि साल के मध्य में गुरु का गोचर कर्क राशि से होगा और साल के अंत में सिंह राशि में संचार करेंगे। साथ ही राहु और केतु भी इस संवत के अंतिम भाग में राशि परिवर्तन करेंगे। जबकि शनि इस संवत में मीन राशि में संचार करेंगे। हिंदू नववर्ष के राजा गुरू होंगे। नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च से होगी। समापन 27 मार्च को होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा, इसीलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी।

### उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी

नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा। जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है, इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती है।

चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा, इसीलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम रौद्र संवत्सर है। जिसका प्रभाव सालभर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

## खबर संक्षेप

### सनातन एकता यात्रा निकलेगी 18 को

**राजनांदगांव।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर पूर्व संध्या 18 मार्च को सनातन धर्म महासभा सर्व हिन्दू समाज द्वारा धूमधाम से सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर पुरानी गंज लाईन से शाम 4 बजे निकलेगी।

सनातन धर्म महासभा से छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरव खंडेलवाल, महिला मंडल संरक्षक शारदा तिवारी, मौसमी शर्मा, सुषमा सिंह, ममता शर्मा व ममता सोनी ने बताया कि इस समय सनातन एकता यात्रा को राष्ट्रीयता से जोड़ा जा रहा है। जिसमें भगवान रामजी का वंदन करते हनुमान भव्य झांकी में दिखेंगे व 1500 फीट तिरंगे के साथ-साथ आदिवासी नृत्य, आदिवासी डाडियां, डीजे व धुमाल एवं गाजे-बाजे के साथ यह यात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, थाना चौक, सदर बाजार से होते हुए सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर पुरानी गंज लाईन पहुंचेगी।

### इंसास रायफल सहित भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद

# औंधी के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्तर-कांकेर-गढ़चिरौली बॉर्डर पर स्थित कोहका के पहाड़ी में कैंप कर रहे आरकेबी डिवीजन कमेटी के नक्सली दस्ते के साथ आज दोपहर 3 बजे के लगभग भीषण मुठभेड़ हुई है।

जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हरिभूमि को बताया कि आरकेबी डिवीजन कमेटी के हार्डकोर नक्सली जिले के आखिरी कांकेर-बस्तर-गढ़चिरौली सीमा पर नैनगुढा-कोहकाटोला के जंगल पहाड़ी में कैंप कर रहे थे। पुख्ता सूचना के आधार पर औंधी थाना व आईटीबीपी जिला पुलिस बल की संयुक्त पार्टी को रवाना किया गया। कोहकाटोला के पहाड़ी में सुरक्षा बलों के पहुंचते ही नक्सलियों के दस्ते ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान पहाड़ी का आड़ लेकर नक्सली वहां से भाग निकले। मुठभेड़ स्थल से एक इंसास राइफल और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद हुआ है।





### नक्सल मुक्ति के लिए 31 मार्च की डेडलाइन तय

ज्ञात हो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च तय की है। जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने नक्सलियों से अंतिम आह्वान करते कहा है या तो हथियार सहित सरेंडर करो या मरने के लिए तैयार रहो। ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला नक्सल मुक्त हो जाएगा।

### मोहला-मानपुर में सिर्फ 7 नक्सली बचे

माओवादियों का राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिविजन मोहला-मानपुर यहां स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी और डिवीजन कमेटी सचिव लोकेश सलामे के 13 अगस्त को मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब सिर्फ 7 केडर बाकी हैं। इनमें रूपी के अलावा मंगेश पोडियाम, रंजीत होडी, हिडमे मरकाम, महेश डोडी, गणेश और राजे शामिल हैं। इन सातों के निराकरण के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला लाल आतंक के दंश से हमेशा-हमेशा के लिए मुक्त हो जाएगा।

### आत्मसमर्पण के लिए प्रयास जारी

जिस तरह प्रदेश के अन्य नक्सल प्रभावित इलाकों में आत्मसमर्पण के प्रयास जारी है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-चौकी जिले में शेष बचे नक्सलियों को हिंसा का रास्ता छोड़ जल्द से जल्द सुरक्षित जंगल से निकालकर आत्मसमर्पण कराने जिले के स्थानीय आंचलिक पत्रकार भी प्रयासरत हैं, परंतु मोहला-मानपुर में सक्रिय महिला-पुरूष नक्सली दस्ता आत्मसमर्पण को लेकर खामोश है।

# शराब पीने से मना करने पर चाकूबाजी, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकूबाजी कर गंभीर चोंट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मगनदास मानिकपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 मार्च को भोज मानिकपुरी एवं ललित मानिकपुरी दोनों पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के अंदर कुंए के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे। उसी समय वहां अजय मंडावी, अनिल थापा, दिनेश एवं गज्जू चारों आकर शराब पीने लगे। शराब पीने से मना करने पर चारों आरोपियों ने एक राय होकर मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी तथा जान से मारने की नीयत से अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया।

### दो घायल अपराध दर्ज

हमले में ललित मानिकपुरी को दाहिने पीठ एवं बाएं कंधे के पीछे दो स्थान पर गंभीर चोंट आई तथा भोज मानिकपुरी को दाहिने पेट में गंभीर चोंट आई। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 109, 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण पर थाना प्रभारी संतोष जायसवाल द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित कर लगातार तलाश की गई।

### आरोपी पकड़े गए, अन्य की तलाश

पुलिस के अनुसार तलाश के दौरान आरोपी अजय मंडावी तथा अनिल थापा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# तेज रफ्तार पिकअप बाइक से जा टकराई, दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे तीन युवकों को पिकअप ने जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरिया से महाराष्ट्र जाने वाले मार्ग में बाइक में सवार होकर तीन लोग जा रहे थे। बताया गया कि वे दोपहर लगभग 12 बजे दामाबंजारी के पास पहुंचे ही थे कि एक पिकअप वाहन ने ठोकर मार दिया। इस जबर्दस्त दुर्घटना में बाइक में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में तामेश्वर साहू व टिकेन्द्र निषाद की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि दोनों मृतक युवक ग्राम भकुर्रा के हैं।

# बेमौसम बारिश के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते एक बार फिर अंचल में बेमौसम बारिश के आसार जताए जा रहे है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।



मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर पंजाब और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक, 5.8 कि पर स्थित द्रोणिका के साथ 70 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। अभी उपउष्णकटीय बंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम की गति काफी बढ़ गया है। प्रदेश में कल दिनांक 16 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवाएं आने के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे जिले संभावित है।

# सवा दो लाख रुपए का कबाड़ सामान के साथ मेटाडोर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से कबाड़ का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से कबाड का सामान एवं मेटाडोर बरामद किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ी कारोबार एवं संदिग्ध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 14 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दाऊचौरा, खैरागढ़ क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से कबाड़ सामान की खरीद-फरोख्त कर रहा है। सूचना पर थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा बिना वैध दस्तावेज के अवैध रूप से कबाड़ सामान खरीदना स्वीकार करने पर उसके विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 01/2026 के तहत धारा 35(3)(ई) बीएमएम तथा धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कार्रवाई कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

### सामान भरकर ले जाते पकड़े गए

कार्रवाई के दौरान मोहम्मद शबीर 30 वर्ष निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ को टाटा मेटाडोर में कबाड़ सामान भरकर ले जाते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कबाड़ सामान सहित टाटा मेटाडोर वाहन जब्त किया गया। जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2,15,000 रुपए है।

### रविवार को प्रेस क्लब के चुनाव में मतदाताओं ने दिखाया जमकर उत्साह

# तीसरी बार प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने सचिन, बसंत कोषाध्यक्ष, सचिव पद पर अनिल ने हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रेस क्लब राजनांदगांव के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव का रविवार को आयोजन किया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष सहित तीन पदों को लेकर मतदान के जरिये चुनाव कराए गए। जिसमें सचिन अग्रहरि लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए। वहीं बसंत शर्मा कोषाध्यक्ष और अनिल त्रिपाठी सचिव पद के लिए चुने गए है। रविवार को परिणाम सामने आने के बाद जीत का जश्न भी मनाया गया। अध्यक्ष पद को लेकर हुए चुनाव में दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला था। जिसमें सचिन अग्रहरि को 107 वोट मिले। वहीं कमलेश स्वर्णकार को 41 वोट हासिल हुए। इस तरह सचिन ने 66 मत के अंतर से चुनाव में जीत हासिल की। वहीं सचिव पद पर अनिल त्रिपाठी को कुल 74 वोट, विक्रम बाजपेयी 50, सुरेंद्र गुप्ता 12, मनोज राठौड़ 6 एवं योगेश शर्मा को 6 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद को लेकर बसंत शर्मा को 85 वोट, रवि ठाकुर को 32 एवं प्रमोद शेंडे को 31 वोट हासिल हुए।





**चुनाव में 148 ने डाला वोट:** प्रेस क्लब चुनाव में कुल 158 मतदाता थे। जिनमें चुनाव के दौरान 148 वोटर्स ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चले मतदान की प्रक्रिया के बाद दोपहर तीन बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई। शाम पांच बजे तक परिणाम भी सामने आ गए। मतदाताओं का उत्साह ऐसा रहा कि पहली बार 93.67 प्रतिशत मतदान हुआ। अस्वस्थता और व्यस्तता के बाद भी कई मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत भारद्वाज, मनोज चौधरी, विमल हाजरा, मनीष तिवारी, सुनीति वर्मा, खेमराज वर्मा, नंदनी, खुशी, नीतिन साहू शामिल रहे।

### और बेहतर काम का रहेगा प्रयास: सचिन

जीत के बाद मीडिया से चर्चा में तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए सचिन अग्रहरि ने कहा कि यह जीत सभी सदस्यों की जीत है। पिछले दो कार्यकाल में पत्रकारों के लिए आवासीय परिसर का आवंटन और वहां का संपूर्ण विकास कार्य कराया गया। इस कार्यकाल में बचे कामों को पूरा कराने के साथ वंचित रह गए पत्रकारों को आवासीय भूखंड उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। इस बार भी पहले से और बेहतर करने का प्रयास होगा।

# पंद्रह लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम केसीजी द्वारा अवैध शराब बिक्री पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना गातापार क्षेत्रांतर्गत ग्राम भरतपुर में 14 मार्च को हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बेचने वाले रोहित कुमार धुर्वे 45 साल ग्राम भरतपुर थाना गातापार से एक सफेद रंग कपड़ा के थैला में पीला रंग के 2 जरिकेन प्रत्येक जरिकेन में 05-05 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ एवं एक पीला रंग के प्लास्टिक थैला में एक सफेद रंग के जरिकेन, जिसमें 5 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 3000 रुपए को जब्त किया गया। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया है।

## खबर संक्षेप



### तालाब गहरीकरण का किया निरीक्षण

**छुरिया।** ग्राम पंचायत अरजकुंड के आश्रित ग्राम पथरा नवागांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तालाब गहरीकरण कराया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, गोपाल भुआर्य, रूखमणी सिन्हा, कुंदन बडोले ने मौके पर पहुंच कर कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर श्री सिन्हा ने श्रमिकों को केंद्र सरकार के महत्त्वाकांक्षी जीरामजी योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना में अब मजदूरों को 125 दिन रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

### पांचवी की परीक्षा आज तथा आठवीं की कल से

**सड़क अतरिया।** बोर्ड की तर्ज पर कल सोमवार से पांचवी एवं आठवीं की केन्द्रियकृत परीक्षा प्रारंभ होगी। सोमवार को पांचवी के छात्र गणित विषय का पेपर देंगे। वही मंगलवार को आठवीं के परीक्षार्थी गणित की परीक्षा दिलाएंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सरकारी एवं नीजि विद्यालय को केन्द्र बनाया गया है। केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दिया गया है। परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होगी।

### सीनियर छात्रों को बिदाई



**सड़क अतिरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला बुन्देली में शुक्रवार को कक्षा आठवी के छात्रों को विदाई दिया गया। कार्यक्रम में छठवी एवं सातवी के छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आठवी के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रधानपाठक प्रकाश कंवर ने छात्रों को मेहनत से आगे बढ़ने प्रेरित किया। शिक्षक भुनेश्वर किशोर वैष्णव ने छात्रों को स्कूल, शिक्षक और माता-पिता का नाम रौशन करने कहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पदक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में चाईनसिंह जंघेल, मोनिका चंदेल, शिवलाल साहू, अनिता वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांगिनकछार में कर्मा जयंती समारोह आज

**डोंगरगांव।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा का जयंती समारोह कल 16 मार्च को सांगिनकछार में रखा गया है। यह आयोजन स्कूल चौक में संपन्न होगा। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे मां कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ होगी। प्रातः 11 बजे से अतिथियों का आगमन, स्वागत एवं संबोधन होगा। दोपहर 12 बजे से जस झांकी झंडा तालाब वालो कार्यक्रम रखा गया है।मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु होंगी। अध्यक्षता प्यारेलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष रंजिता पडौटी, सरपंच सुमरित वर्मा, होमेश्वर वर्मा उपस्थित रहेंगे।आयोजन समिति ने समाजिकजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### भाजयुमो महामंत्री बने बिट्टू गुप्ता

**खड़गांव।** मानपुर मंडल भाजयुमो के महामंत्री पद पर बिट्टू गुप्ता की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। श्री गुप्ता लंबे समय से भाजयुमो में सक्रिय रूप से जुड़े हैं। वह निरंतर संगठनात्मक गतिविधियों के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अपनी नियुक्ति के लिए उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे।



---

### नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

# व्यावसायिक गैस की किल्लत से संकट में आए होटल संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रसोई गैस की किल्लत एवं ढाबों- होटलों में घरेलू गैस टंकी के उपयोग पर रोक के बाद चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान होटल ढाबे वाले चूल्हे का उपयोग करने की तैयारी में है। नवरात्रि के दौरान लगभग 200 अतिरिक्त दुकानों का संचालन होता है जहां खाने पीने की समाग्री बेचा जाता है इसके अलावा 100 से अधिक स्थाई होटल ढाबे नवरात्रि के दौरान ज्यादा चलते हैं।

आने वाले भीड़ को ध्यान में रखकर होटल ढाबा संचालक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में लकड़ी, कंडा, भूसा, इलेक्ट्रीक चुल्हा से खाना बनाने की तैयारी में हैं। अस्थाई पंडालों मे चुल्हे के उपयोग के बाद प्रशासन को सुरक्षा के उपाय भी करना पड़ेगा ताकि आगजनी जैसी घटना को रोका जा सके। भीड और 1 हजार दुकानों को ध्यान में रखकर फायर बिग्रेड एवं अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था करना होगा।

## चूल्हा से खाना बनने की तैयारी



### बढ़े लकड़ी के दाम

नवरात्र के दौरान गैस सिलेडर के अलावा चुल्हो का इस्तेमाल होता आया है। लकडी बेचने वाले व्यपारी इस दौरन कई क्विटंल लकडी खपाते हैं। जानकारी के अनुसार संभावित खपत को देखते हुए व्यापारियो ने जलाउ लकडी एकत्रित कर कीमत बड़ा दिया है। वहीं गैस की किल्लत को देखते हुए लकड़ी कोचियों का गैंग सक्रिय गया है। बड़े पैमाने पर जंगल से अवैध कटाई कर लकड़ी शहर में लाया जा रहा है।

### खेतों के वृक्षों की कटाई

जलाउ लकडी की मांग को देखते हुए किसान अपने खेत में लगे पेडो को काट कर बेच रहे है। शहर की आरा मशीनों में बड़े पैमाने पर चिरान के लिए लटठे पहुंच रहे है। कुछ कोचिए किसानों के खेत के पेड को खरीदने के साथ जंगल से लकड़ी ला रहे हैं।

---

# विधानसभा का घेराव 17 को शामिल होंगे सैकड़ों कांग्रेसी

### बैठक में बनी आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कांग्रेस द्वारा आगामी 17 मार्च को विधानसभा घेराव किया जाएगा। प्रस्तावित आंदोलन में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल होने की तैयारी में है।

इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रायपुर पहुंचने की अपील की।

बैठक में कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों और आम जनता के हितों में काम करते आई है। उन्होंने कहा कि पद पर रहते हुए संगठन के लिए कार्य करना बड़ी जिम्मेदारी होती है, जिसे कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीसीसी के निर्देशानुसार 17 मार्च को विधानसभा घेराव में क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के प्रभारी भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि संगठन सृजन के तहत जल्द ही नई नियुक्तियां की जाएंगी ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके।



### नेता बढ़ा रहे नशे का धंधा

विधायक यशोदा वर्मा ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि नेता ही नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमादा में अफीम की खेती को इसका उदाहरण है। बैठक को संबोधित करते हुए कोमल साहू ने कहा कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में कमलजीत पिंटू, नीलांबर वर्मा, मिहिर झा, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, संदीप सिरमौर अरुण भारद्वाज आरती महोबिया, रामकुमार जांगड़े, हिमाचल सिंह, यादराम साहू, कोसन कोसरे, छोटेसिंह, रिंकू महोबिया, देवलाल, लेख नारायण, मिलापराम, गिरधारी जंघेल, मोहनराम, छोटू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस कल करेगी विस का घेराव

- बैठक में पूर्व विधायक छन्नी साहू ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



आगामी 17 मार्च को प्रस्तावित विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व विधायक छन्नी साहू के मार्गदर्शन में प्रस्तावित विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारी और संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू ने सभी मंडल अध्यक्षों, सेक्टर प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर मोहन अय्यर, डॉ. नरेंद्र साहू, लिलेश पटेल, दीपिका साहू, अरुणा देवांगन, पदमा देवांगन, रोशन साहू, अखिलेश नखत, बद्रीनारायण, शुक्ला, वीरेंद्र बोरकर, टिंकू देवांगन अब्दुल करीम, अमित ठाकुर, रितेश राजपूत, प्रेम सिंह, मयंक यदु, योगेश साहू, चितरंजन साहू, उजियार साहू, नासिर, किशोर बनाकर, लक्ष्मी नारायण साहू, देवेंद्र दास साहू, हेम सिंह साहू, सुंदर साहू, नेहा निषाद, गोपी नेता, कन्हैयालाल साहू, रोशन साहू, टीकम मंडावी, जीवनलाल, मोतीराम, रूपेश साहू, संदीप रत्नाकर सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# अध्यक्ष के खिलाफ उपजा सदस्यों में असंतोष

## संगठन की दखल से वापस लिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद पंचायत में सत्तारूढ़ भाजपा में विवाद की स्थिति बन गई है। कांग्रेस के जनपद सदस्यों के साथ तालमेल कर भाजपा के कुछ सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ आविश्वास प्रस्ताव का आवेदन पेश कर दिया था। मामला तुल पकड़ने के बाद भाजपा संगठन में मसले को सुलझा लिया है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत में जमा 24 लाख रूपए का बंदरबांट करने कुछ सदस्यों ने आपसी सहमति से योजना तैयार किया था। इस मामले को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। आपसी मनमुटाव होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कुछ जनपद सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत कर दिया था। मामला के तुल पकड़ने के बाद जिला भाजपा संगठन ने सदस्यों की बैठक लेकर तालमेल के साथ काम करने की हिदायत दिया है।



### राशि को लेकर विवाद

बताया जाता है कि जनपद पंचायत में पिछले 2 साल से जमा लगभग 24 लाख को जनपद सदस्य अपने क्षेत्र की पंचायतो खर्च करने की तैयारी में जिसे लेकर विवाद की स्थिति बन गई थी और मामला अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंच गया था। बताया जाता है कि मामले की शुरूवात रामाटोला पंचायत में राशि के दुरूपयोग से शुरू हुआ था।

### कांग्रेस शिकायत की तैयारी में

जानकारी के अनुसार कांग्रेस 15 वें वित्त मद में जमा 71 लाख में से 37 लाख 50 हजार के कार्य का वर्कआर्डर बिना प्रस्ताव के जारी करने को लेकर शिकायत करने की तैयारी में है। पंचायती राज अधिनियम के तहत 15 वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग बिना प्रस्ताव के नहीं किया जा सकता है किन्तु यहां ऐसा कर दिया गया है जिसे लेकर कांग्रेस के जनपद सदस्यों द्वारा शिकायत करने की जानकारी मिली है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020- 21, 2122 एवं 22- 23 की शेष राशि 71 लाख को लेकर सामान्य सभा की बैठक एक दिसंबर 25 को आहूत की गई थी। बैठक में अनेक पंचायत में निर्माण कार्य के लिए 33 लाख 50 हजार का प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी यांत्रिकी सेवा से प्राप्त तकनीकी स्वीकृति 26 दिसंबर को दी गई थी। शेष 37 लाख 50 हजार का प्रस्ताव नहीं किया गया किंतु उसका भी वर्कआर्डर जारी कर दिया गया।

---

# होली मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

करेला स्थित माँ भवानी मंदिर प्रांगण में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शनिवार को विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली का पर्व समाज में आपसी एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है और लोगों के बीच आपसी संबंध और प्रगाढ़ होते हैं।

---

### चोरडाधाम में जोत जलाने की तैयारी

**सड़क अतरिया।** आगामी 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। प्राचीन चोरड़ाधाम में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। पर्व को लेकर जय डोंगेश्वर समिति तैयारी में जुटी है। मंदिर के आनंद एवं गणेश वर्मा ने बताया कि मंदिर में शक्ति आराधना का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जोत प्रज्ज्वलित करने तथा नौ दिन तक उमड़े वाले श्रद्धालुओ के लिए व्यवस्था बनाया जा रहा है।



### अग्रवाल परिचय सम्मेलन 4 से

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि रायपुर में अग्रवाल समाज द्वारा आगामी 4 एवं 5 अप्रेल को युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन धाम रखा गया है। उन्होंने अविवाहित युवक एवं युवतियों को अभिभावकों के साथ शामिल करने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन चालू हो गया है।



### स्वास्थ्य लाभ की कामना

**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना का उपचार होने के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मंगे, परविंदर सिंह मोंटी ने चिचोला पहुंचकर जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

---

# प्रतिभावान छात्र सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में शनिवार को प्रतिभावान छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बीते दिवस विद्यालय में गर्ग महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। इन छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, दामोदर वैष्णव, गौरव जंघेल, माधुरी धुर्वे, गितेश्वरी जंघेल, रितु जंघेल, मधु निषाद, टिकेश्वरी जंघेल, ऋषिका जंघेल, संतोष जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

---

## होली मिलन समारोह आयोजित

# भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने होली मिलन समारोह का आयोजन कर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों के साथ होली खेली गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं पं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि हंसाराम साहू, पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनरायाण अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी, जैन कुमार मेश्राम थे। श्रीमती साहू ने बुजुर्गो को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया। वही भाजपा कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जसमीत सिंग बन्नोआना, सुरेश वर्मा, हीराराम वर्मा, तामेश्वर साहू, विनय बंसल, अनिल सिन्हा, जीवन वर्मा, रवि यादव, कन्हैया वर्मा, दिलीप महोबिया, शैलेष महोबिया, कुलदीप साहू, सोनू संचेती, लखन जंघेल, उपकार साहू, मुरली गेडाम सहित अन्य शामिल हुए।



---

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए सेटअप स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी



विधायक भोलाराम साहू के प्रयासों से भोलापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सेटअप की स्वीकृति मिल गई है। यहां अब तक डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों के नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं शुरू नहीं हो पाई थीं। ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा था। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए विधायक साहू ने विधानसभा में इस मसले को उठाया था। विधायक के प्रयासों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के पदों को स्वीकृति मिल गई है।इस पहल के लिए सरपंच चमेली ठाकुर, शिशुपाल साहू, हेम साहू, लखन साहू, कगुराराम, सुनीता साहू, अनिता चतुर्वेदी, योगेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, दुर्पत साहू, मोहित राम सिन्हा, मुकेश साहू, छन्नू साहू, पंचूराम साहू, मनीराम नेताम, सोमेश साहू, भोजेश चतुर्वेदी, मनबोध चतुर्वेदी, उत्तम साहू, जनक लाल आदि ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### होली मिलन समारोह आज

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज डोंगरगांव तहसील में होली मिलन समारोह कल 16 मार्च को सुबह 11 बजे सिन्हा भवन में रखा गया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।

### कुश्ती में शामिल होने तनु हरियाणा रवाना




**गंडई पंडरिया।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालयीन स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता हाल ही में शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी की मेजबानी में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में गंडई महाविद्यालय की छात्रा तनु जंघेल ने अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही तनु का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 20 मार्च तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा में आयोजित होगी। भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की टीम 14 मार्च को हरियाणा के लिए रवाना हुई। विश्वविद्यालय टीम का नेतृत्व प्रबंधक के रूप में क्रीड़ा अधिकारी अनिता चौधरी और कोच के रूप में संतोषी चंद्राकर कर रही हैं। टीम के अन्य सदस्यों में आरती, नीलिमा, प्रेमा, ग्रेसी और खुशी सोनकर शामिल हैं। तनु जंघेल की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता चौधरी एवं महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

### कॉलेज ने विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एक्सटेंशन सेल द्वारा हर्बल गुलाल निर्माण एवं विक्रय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक सामग्री तथा अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी उत्पाद बनाना सिखाना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें फूलों, हल्दी, चुकंदर, पालक, कचनार आदि प्राकृतिक सामग्री से सुरक्षित हर्बल गुलाल बनाने की विधि सिखाई गई। साथ ही विद्यार्थियों को उत्पाद की पैकेजिंग एवं विक्रय की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने पुनर्चक्रित सामग्री से पेपर डॉल, सीनरी, पेपर फ्लावर और बकेट जैसे आकर्षक उत्पाद भी तैयार किए तथा उनका विक्रय भी किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ-साथ उद्यमिता का विकास होता है। प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों ने अपने द्वारा तैयार हर्बल गुलाल का विक्रय शहर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, महाविद्यालयों और प्रमुख स्थानों पर किया, जिसे लोगों से अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ।

### निधन

#### प्रीतम मरकाम



**साल्हेवारा।** मंडल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रहलाद मरकाम के अनुज एवं युवा नेता उमेश मरकाम के चाचा प्रीतम मरकाम का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शाम को मुक्तिधाम में किया गया।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित

# गौधाम गौशाला का वर्चुअल शुभारंभ

### लोगों को योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को गौधाम का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चकनार नर्मदा के गौधाम गौशाला का भी वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, गंड़ई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर साह खुशरों प्रमुख रूप से सामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता की पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात गौवंश को तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया गया। अतिथि एवं अन्यने बिलासपुर से प्रसारित गौधाम गौशाला के शुभारंभ समारोह का प्रसारण देखा। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने ग्रामीण, गौ पालक एवं समुहो को योजना की जानकारी देकर गौधाम गौशाला खोलने प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सरपंच वंदना लालचंद पटेल, गौदाम समिति के अध्यक्ष कालू राम जंघेल, सुभाष, उत्तम राजपूत, इन्द्रजीत, श्रवण कुमार , दसरथ, पूनम, तारेश, विशाल मारूतकर, खिलावन सेन, अर्जून महोबिया, भुनेश यादव, बोधन सिंह मेरावी, देवी लाल, दूजे राम वर्मा, रमेश जंघेल, पवन पटेल, यशवंत पटेल, विशम्बर पटेल, अरविन्द जंघेल, राकेश कटारे, शंकर मानिकपुरी, गया राम जंघेल, बिजल यादव के अलावा पंचायत प्रतिनिधि, समिति के सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।




#### पशु संरक्षण के लिए आवश्यक

कार्यक्रम में कलेक्टर ने योजना की महत्वपूर्ण जानकारी देकर लोगों को पशु संरक्षण के लिए प्रेरित किया। चकनार गौधाम समिति के सफल प्रयास की सरहाना कर बधाई दी। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि गौधाम योजना सरकार की गौ संरक्षण की दिशा पर महत्वपूर्ण योजना है। गौ संरक्षण एवं घुमंतु मवेशी की सुरक्षा के लिए गौधाम गौशाला अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। सड़कों में लगातार घुमंतु मवेशियों की संख्या बढ़ रही है जो आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। टारकेश्वर साह ने गौ माता का महत्व एवं आवश्यकता तथा वर्तमान स्थिति से अवगत करा कर गौधाम योजना को प्रत्येक ग्राम पंचायत की जरूरत बताया।

#### समूह ले सकते हैं योजना का लाभ

पशु विभाग के नोडल अधिकारी विनय मिश्रा ने जन समुह को बताया के पंचायत से समुह के द्वारा गौधाम खोला जा सकता है। जिसके अधोसंरचना निर्माण एवं मरम्मत के लिऐ प्रति वर्ष पांच लाख रूपये का अनुदान का प्रावधान है। इसके अलावा चारा विकास के लिऐ 47 से पौने तीन लाख तक, प्रति माह 13126 रूपये गौसेवक को मानदेय तथा चरवाहा के लिऐ 10916 रूपये का प्रावधान है। साथ ही पशु पोषण आहार के लिऐ प्रति वर्ष प्रतिदिन की दर पर क्रमशः 10, 20, 30 एवं 35 रूपये राशि उपलब्ध कराया जायेगा। चकनार गौधाम में सौ से भी अधिक मवेशीयों की देखभाल किया जा रहा है। जिसे उत्तम चारा एवं चिकित्सित सुविधा भी मुहैय्या हो रहा है।

# एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से टीबी जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में टीबी उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच अभियान शुरू किया गया है।

इन आधुनिक मोबाइल मशीनों के माध्यम से गांव व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष जांच शिविर लगाकर टीबी की जांच को अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह अभियान विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। इनमें 60 साल से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह के मरीज, कुपोषित लोग, शराब व धूम्रपान करने वाले, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले तथा झुग्गी-झोपड़ी और जेलों में रहने वाले लोग शामिल हैं।

#### सलोनी उपजेल में किया परीक्षण

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि जिला क्षय अधिकारी डॉ. ऋतुराज सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा जिला उप-जेल सलोनी में विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया, जिसमें एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से 126 की जांच की गई। संभावित मरीजों की पुष्टि के लिए आगे की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह मशीन कुछ ही सेकंड में 90 प्रतिशत से अधिक सटीकता के साथ टीबी के संदेह का पता लगाने में सक्षम है। इस दौरान आरएमए भारती वर्मा, एसटीएस संदीप क्षीरसागर, एसटीएलएस तोरण साहू, रेडियोग्राफर मेघराज साहू सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा।

### सिविल अस्पताल को मिली चिकित्सकीय सामग्री

**खैरागढ़।** आईडीबीआई बैंक द्वारा होप कार्यक्रम अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सिविल अस्पताल को विभिन्न चिकित्सा उपकरण व सामग्री प्रदान की गई। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और अस्पतालों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मंशा से उपकरण दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सरबजीत सिंह, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, शाखा प्रबंधक दीपक कुमार साहू, डॉ. बोधन परते, संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अस्पताल प्रबंधन को बीपी मशीन, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, ड्रिप स्टैंड सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा सामग्री भेंट की गई।

# उद्योग और पर्यटन विकास की संभावनाओं को बढ़ावा देने पर प्रशासन का विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- 110 हेक्टेयर में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में कार्रवाई

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की द्वितीय बैठक कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, सीएसपीडीसीएल, श्रम, खनिज, मछली पालन, नपा खैरागढ़ के अधिकारी व रसना बायोटक के डायरेक्टर अनंत चोपड़ा उपस्थित थे।

समिति के सचिव व महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र प्रणय बघेल ने समिति के गठन के उद्देश्य के बारे में बताया कि समिति के माध्यम से 5 करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा और निराकरण किया जाएगा जबकि इससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं को संभाग व राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। जिले में लगभग 110 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने औद्योगिक विकास नीति 24-30 के तहत अस्पताल, मिनी मॉल और सीबीएसई स्कूल की स्थापना पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी भी दी।

#### पर्यटन विकास पर दिया जोर

बैठक में जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल ने एग्री टूरिज्म और होम स्टे को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए छिंदारी, पैलीमेटा, ठाड़पानी व बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। खनिज विभाग ने जिले में नई खदानों के सर्वे कार्य जारी होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने मछली पालन विभाग को झींगा मछली उत्पादन के प्रयास करने का निर्देश दिया। अनंत चोपड़ा ने बताया कि उनके द्वारा स्थापित बायोमास पैलेट प्लांट का उत्पादन एनटीपीसी पावर प्लांट को भेजा जा रहा है। बैठक के अंत में कलेक्टर ने महाप्रबंधक को नई औद्योगिक नीति के लाभों की जानकारी जिले व आसपास के उद्योगपतियों, अस्पतालों और स्कूलों तक पहुंचाने कहा ताकि जिले में निवेश को प्रोत्साहन मिल सके। साथ ही उद्योग संचालनालय के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा जिले का औद्योगिक प्रोफाइल तैयार कराने का निर्देश दिया।

# पशु सखियों को हितग्राही मूलक योजना व पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड पर प्रशिक्षण

- टीकाकरण, पोषण व रोग नियंत्रण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत मे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को प्रोत्साहित करने, पशुपालकों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने में पशु सखियों की भूमिका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया।

पशु चिकित्सा विभाग के मास्टर ट्रेनर ने पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, पशुधन प्रबंधन, स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, पोषण व रोग नियंत्रण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी भी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि योजना के माध्यम से पशुपालक बैंक से आसान शर्तों पर ऋण प्राप्त कर पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रदान तकनीकी संस्था से जिला समन्वयक राकेश द्वारा भी प्रशिक्षण सत्र में भाग लेकर पशु सखियों को योजनाओं के क्रियान्वयन, हितग्राहियों की पहचान, दस्तावेजी प्रक्रिया व ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने पशु सखियों को गांव-गांव जाकर पशुपालकों को योजनाओं की जानकारी देने और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान पशु सखियों को बताया गया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों और विभाग के बीच सेतु का काम करें और पशुपालन से जुड़े लाभकारी उपायों की जानकारी देकर पशुपालकों की आय बढ़ाने में सहयोग करें।

# साहित्यकारों का सम्मान कर विधायक ने मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कांग्रेसियो ने विधायक यशोदा वर्मा का जनमदिन जोर शोर से मनाया। कही केक काटा तो कही लड्डुओं से तौलकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

जानकारी अनुसार मंगल भवन छुईखदान में देवारीभाट के फाग मंडली के साथ कार्यकर्ताओं ने गीत गाकर उनके सुखद जीवन की कामना की। साहित्यकारों ने कविता पाठ किया। छुईखदान में उन्हें लड्डुओं से तौला गया।

मंचीय आयोजन में विधायक ने पहले जिले के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों डॉ. पीसीलाल यादव गंडई, विनय शरण सिंह खैरागढ़, डॉ राजन यादव, श्रीमती निहारिका झा, डॉ प्रशांत झा, बोधन सिंह चंदेल व मुकेश साहू तेंदूभाठा, लच्छूराम यादव गंडई, डॉ. कमलेश प्रसाद शर्मा बाबूजी, चन्द्रभूषण यदु रामपुर, गुनी राम वर्मा, आमगांव, मिनेश कुमार साहू भुरभुसी, धर्मेंद्र जंघेल मैन्हर, भावेश देशमुख, संकल्प यदु खैरागढ़, रवि यादव छुईखदान, दिनेश साहू मदनपुर, नीरज साहू अचानकपुर, बिहारीलाल साहू धारिया, संजू उइके गंडई सहित अन्य को उनकी सशक्त लेखनी के लिए शाल श्रीफल भेंअकर सम्मानित किया गया।

#### आतिशबाजी से स्वागत

शहर कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ द्वारा अम्बेडकर चौक खैरागढ़ में विधायक यशोदा वर्मा को शानदार आतिशबाजी से स्वागत कर केक काटा गया। इस दौरान मनराखन देवांगन, डॉ अरूण भारद्वाज, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहरवार, शोखर दास वैष्णव, अंकित चोपड़ा, सूर्यकांत यादव, आरती यादव सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी उपस्थित थे। देर शाम स्वास्थ्यगत कारणो से मंचीय आयोजन मे शामिल हो पाए लाला जगदलपुरी सम्मान से अलंकृत गीतकार डॉ जीवन यदुराही का विधायक यशोदा वर्मा ने निवास जाकर सम्मान किया और उनसे आर्शीवाद लिया। इससे पहले जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, ब्लाक व शहर अध्यक्ष सहित कांग्रेस के तमाम प्रोष्ठ अध्यक्षो को मंचीय आयोजन के दौरान विधायक ने सम्मान किया और कांग्रेस की रीति नीति अनुरूप जनभावनाओ को देखते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करने कहा।

# दिग्विजय कॉलेज में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के नेतृत्व एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई, विकास एवं महाविद्यालय से संबंधित विषयों में चर्चा की गई। बैठक में मंच संचालन वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर एचसी जैन द्वारा किया गया। उनके द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते उक्त पालक शिक्षक बैठक की महत्ता से अवगत कराया गया।

तत्पश्चात विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके ने अपने उद्बोधन में कक्षा संचालन संबंधित समय सारिणी, विभाग एवं महाविद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय की सुविधा, रीडिंग रूम की सुविधा एवं अन्य उपलब्ध महत्वपूर्ण सुविधा संबंधित जानकारी पलकों को एवं विद्यार्थियों को प्रदान की। पालक-शिक्षक बैठक में पालकों एवं विद्यार्थियों से विभाग एवं महाविद्यालय से संबंधित सुझाव भी आमंत्रित किए गए। जिसमें पालकों ने कक्षाओं के संचालन के समय एवं अन्य एक्टिविटी कराए जाने संबंधित अपने सुझाव विभाग को दिए।

बैठक में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सुमन कोचर द्वारा किया गया। बैठक में विभाग के प्राध्यापक प्रो.स्वयंसिद्धां झा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. तरुणा वर्मा, पूजा कुमारी, डॉ. सूरज पटेल एवं डॉ. देहूति बंछोर भी उपस्थित थे। इसके साथ ही वाणिज्य विभाग द्वारा सफलतापूर्वक पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन 17 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल (सीएसईबी) पेंशनर्स एसोसिएशन राजनांदगांव क्षेत्र का विशाल वार्षिक अधिवेशन आगामी 17 मार्च को कम्युनिटी हॉल वर्धमान नगर राजनांदगांव में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पेंशनर साथियों की समस्याओं पर चर्चा करना, संगठन की एकता को मजबूत करना और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना है। एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने पेंशनर साथियों से इस अधिवेशन में शामिल होने की अपील की।

# स्टेशनपारा में विधायक देवेन्द्र का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव का राजनांदगांव प्रवास के दौरान श्रीकिशन खंडेलवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, मन्ना यादव की उपस्थिति में कांग्रेस नेता आसिफ अली के नेतृत्व में स्टेशनपारा में स्वागत किया गया। तत्पश्चात आसिफ अली ने विधायक श्री यादव को पार्षद कार्यालय में वरिष्ठजन और युवा साथियों से मुलाकात करवाया।

इस दौरान छोटेलाल रामटेके, अफजल अली, अनिमेष सिंग, मानव देशमुख, हितेश गोन्नाडे, हनीफ खान, निरंजन पासवान, गोपी रजक, कृष्णा मेश्राम, राहुल गजभिये, विशाल गड़े, राहुल देवांगन, शैलेश ठावरे, नरेंद्र सिन्हा, शेख अनीश, जयप्रकाश साहू, प्रमोद सोनटेके, चंचल देवांगन, सलीम खान, छोटू साहू, राजेंद्र नेताम, गोपी टंडन, शिवलाल यादव, गोपाल सिन्हा, विष्णु रगड़े, राहुल बघेल, भावेश बुद्धदेव, धीरज रामटेके, जितेन्द्र साहू, गोलू राजपूत, जुगनू ठाकुर, ऋषि रजक, कांता अग्रवाल, सौरभ यादव, पप्पू यादव, परवेज खान, राजेश सिन्हा, हरि साहू, शेरू ढल्ला, मोहनीश साहू, हनी रगड़े, गोलू पाल, कोमल साहू, गोलू चौहान, दिनेश मानकर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## शहर में बढ़ती पानी किल्लत को लेकर कांग्रेस ने नपा प्रशासन को घेरा

# लालपुर स्टॉप डेम सूखा, जल संकट पर कांग्रेस का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में बढ़ती पानी की किल्लत के बीच लालपुर स्टॉप डेम की बदहाल स्थिति को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने स्थल निरीक्षण कर नगर पालिका प्रशासन को घेरा। निरीक्षण दौरान डेम में पानी की कमी, बदबू और कीड़ों से भरी स्थिति सामने आने पर कांग्रेस नेताओं ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की है। विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेसियो की टीम ने लालपुर स्टॉप डेम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में उन्होने देखा कि करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बने एनीकट में पानी लगभग खत्म होने की कगार पर है और जो थोड़ा बहुत पानी बचा है वही न नहाने योग्य है और न ही किसी अन्य उपयोग के लायक। पानी से बदबू आ रही है और कीड़े दिख रहे है जिससे एनीकट के आसपास का क्षेत्र बदबू से प्रभावित है। शराब की बोतल और पानी पाउच बड़ी संख्या में पड़े मिले जिससे गंदगी और बढ़ गई है। इसी जल स्रोत से शहर के कुछ वार्डों में पानी की आपूर्ति की जाती रही है।



#### स्थिति बेहद चिंताजनक

डॉ अरुण भारद्वाज ने बताया कि एनीकट को बनाते समय 12 महीने आधा एमसीएम पानी बनाए रखने का लक्ष्य रखा गया था। बाद में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से इसकी ऊंचाई भी बढ़ाई गई लेकिन वह भी कथित तौर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उस समय कांग्रेस ने विरोध किया था जिसके बाद सडक की मरम्मत कराई गई लेकिन डेम की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होने कहा कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र के लोगों की शिकायतें मिल रही थी जिसके बाद निरीक्षण किया गया। अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण फिलहाल आपूर्ति बंद है। उन्होंने कहा कि जिस जल स्रोत पर शहर के वार्ड निर्भर हैं उसकी यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। नपा सीएमओ को पांच दिन का अल्टीमेटम साथ उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो शहर कांग्रेस आंदोलन करेगी।

#### पेयजल की समस्या

पार्षद व नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने कहा कि इस मुद्दे को कई बार नपा की बैठकों में उठाया गया लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरुआत में ही शहरवासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जो उस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शहर का गंदा पानी नालियों के माध्यम से नदी में जा रहा है और करोड़ों रुपये की लागत से बना वाटर प्लांट भी बंद पड़ा है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। डॉ अरुण भारद्वाज ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में अधिकारी-कर्मचारी जनहित की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नपा प्रशासन नेतृत्व को शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर ठोस कदम उठाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान पुरन सारथी, सूर्यकांत यादव, शेखर दास वैष्णव, महेश यादव, हरिदर्शन ढीमर, नरेश सिन्हा, विनोद सिन्हा, भूपेंद्र वर्मा, रतन सिंधी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## सार समाचार

### डोंगरगढ़ विधायक को अजाक्स ने सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** पदोन्नति में आरक्षण का पालन कराने डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल को जिला उपाध्यक्ष अमिताभ दुफारे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापनकर्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र क्रमांक 81 दिनांक 13 फरवरी 2026 के तहत बिंदु क्र 14 (1) व आरक्षण अधिनियम 1994 की धारा 8 व बिदु क्रं 15(4) शासन द्वारा विहित आरक्षण आरक्षण रोस्टर के अनुसार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को पदोन्नति दी जाएगी, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस राजपत्र का पालन नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में भीषम ठाकुर सचिव, जितेंद्र डाहाट, जितेंद्र चौरे, निर्मल सांगोडे, दिनेश कुमार कोसा, किरण मेश्राम, पद्मा मेश्राम, गिरिश धमगाये, गांधी तनय टांडिया व अजाक्स के कई सदस्य उपस्थित थे।

### शब-ए-कद्र पर मोती मस्जिद में तकरीर आज

**राजनांदगांव।** शहर के तुलसीपुर स्थित मोती मस्जिद के सदर सैय्यद अली अहमद ने कहा कि मुकद्दस माह-ए-रमजान की सबसे अफजल और



बरकतों से भरपूर रात शब-ए-कद्र है, जो इस वर्ष 16 मार्च को अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। इस्लामी मान्यता के अनुसार रमजान की 26-27वीं रात को आने वाली शब-ए-कद्र रहमतों से भरा हुआ होता है। इस दिन अल्लाह तआला ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए कुरआन-ए-पाक को नाज़िल फरमाया था। यही वजह है कि मुसलमान इस रात को खास इबादत, दुआ और तौबा अस्तगफार में गुजारते हैं। मोती मस्जिद में भी इस मौके पर रूहानी माहौल के बीच कई खास प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। हर साल की तरह इस बार भी शब-ए-कद्र की रात मस्जिद में नमाज-ए-इशा और तरावीह के बाद पूरी रात इबादत का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान कुरआन-ए-करीम की तिलावत, इस्लाही तकरीर, जिक्र-ओ-अजकार और दुआओं का खास एहतमाम किया जाएगा।

### शब-ए-कद्र की रात में इबादत का विशेष महत्व : शकील

**राजनांदगांव।** जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने के आखिरी अशरे में आने




वाली शब-ए-कद्र की रातों को इस्लाम में बेहद मुकद्दस और बरकतों वाली रात माना जाता है। इन मुकद्दस मुबारक रातों में की गई इबादत का शबाब हजार महीनों की इबादत से भी ज्यादा अफजल है, इसलिए अकीदतमंद इन दिनों में विशेष रूप से नमाज, अस्तगफार, कुरआन पाक की तिलावत अपनी जिंदगी और आखरत, अपने मरहूमिन की मगफिरत के लिए दुआएं करते हैं और पूरी रात अल्लाह के जिक्र और दुआ में मशगूल रहते हैं। रईस अहमद शकील ने बताया कि रमजान शरीफ का छब्बीसवां रोजा मुक्कमल होने के बाद सत्ताईसवी शब में शब-ए-कद्र की रात होती है। इसी कारण अकीदतमंद इन सभी रातों में जागकर अल्लाह ताआला की इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। साथ ही अपने मोहल्ले, शहर व देश में अमन चैन की दुआ करते हैं। हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि इस बार शबे-कद्र अंग्रेजी की सोलह तारीख सोमवार को है। इस रात में की गई दुआ कबूल होने की उम्मीद रहती है। वहीं 27वीं शब को आमतौर पर सबसे ज्यादा अहम माना जाता है। अकीदतमंद इस रात बड़ी संख्या में मस्जिदों में इबादत करते हैं।

### यादव महाअधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** क्लब चौक बसंतपुर सामुदायिक भवन में जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव की बैठक संपन्न हुआ। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में राजनांदगांव जिले के सत्रह सर्किल के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में आगामी यादव महाअधिवेशन यादव मेला और सम्मान समारोह के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही सभी सर्किलों के पदाधिकारियों से निवेदन किया गया कि अपने-अपने सर्किलों में बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यादव एकता का परिचय दें। बैठक में कार्यक्रम के संबंध में सभी पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। बैठक को जिला संरक्षकगण विश्वनाथ यादव, महेश यादव, संतोष यादव, शीला यादव, विशारत यादव, बोधन यादव, सुकालू यादव, प्यारेलाल यादव, हदयलाल यादव, ललित यादव, राजू यादव, मुरली यादव, सूरज यादव, मधु यादव ने अपने उद्बोधन में अधिक से अधिक संख्या में यादव भाईयों-बहनों को उपस्थिति के लिए निवेदन किया। बैठक का मंच संचालन राजीव यादव ने किया। बैठक में दिलीप यादव, शिवलाल यादव, भूपेन्द्र यादव, मनोज यादव, भगवानदास यादव, थनवार यादव, तुलाराम यादव, देवेश यादव, मानसिंग, बलीराम यादव, अर्जुन यादव, राजेश यादव, पुनाराम यादव, दूश्यंत यादव, मिलन यादव, आनंद यादव, निर्मला यादव, सुशीला यादव, पुष्पा यादव, केशर यादव, गीता यादव, शोभा यादव, संतोषी यादव, अंजू यादव सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में उच्च शिक्षा विभाग के रूसा 2.0 के अंतर्गत मनोविज्ञान तथा वुमन सेल के तत्वाधान में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन प्राचार्या डॉ. अंजली अवधिया के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बसंत कुमार सोनबेर हैं। जिसका उद्घाटन समारोह 9 मार्च को संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने स्वागत उद्बोधन में लैंगिक समावेशन एवं समानता पहल संवेदीकरण कार्यक्रम की आवश्कता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुनीता पाठक ने कहा कि हम महिला नहीं, बल्कि इंसान है, इस भावना को प्रतिपादित करते आदर्शवाद और मार्क्सवाद पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रामकुमारी धुर्वा द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। अंत में सत्य रंजन भट्टाचार्य द्वारा कार्यक्रम में सहभागी प्राध्यापकों को एक एक्टीवीटी के माध्यम से उनके लैंगिक समावेशी भावना का आंकलन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर डॉ. मोना माखीजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता एस. नायर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## वर्चुअल कान्फ्रेंसिंग एवं भौतिक माध्यम से प्रकरणों का सुलह

# लोक अदालत में निपटे 40 हजार प्रकरण, तीन करोड़ का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन कर वर्चुअल कॉन्फ्रेसिंग और भौतिक माध्यम से सुलह की सुविधा देकर प्रकरणों का निपटारा कर पक्षकारों को लाभान्वित किया गया। मां सरस्वती के तैलचित्र पर पक्षकारो से पूजा अर्चना कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया गया जहां न्याययिक कर्मचारियों द्वारा उपस्थित महिला न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओ का स्वागत बैच लगाकर उपहार प्रदान किया गया।

लोक अदालत मे जिला एवं अपर सत्र न्यायालय मे न्यायाधीश मोहनी कंवर समक्ष 25 प्रकरणों मे पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें 06 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 26 लाख 75 हजार रू., अदर सिविल केसेस 05 में 15 लाख 4 हजार 500 रूपए, 3 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेस में 8 लाख 75 हजार पास हुआ वही प्री लिटिगेशन के बैंक रिकवरी केसेस के एक मामले में 10 हजार 164 रू. बीएसएनएल के 09 मामले में 7939, विद्युत विभाग के एक मामले में 11 हजार 29 पास हुआ।

इस दौरान न्यायिक कर्मचारी देवेन्द्र चंदेल, दिनेश शर्मा, चंदन साहू, मनोहर देवांगन, आरके लांझेकर, उमेश राजपूत, धनंजय सेवेलकर, अमरनाथ जायसवाल, भुनेश्वर कौशिक, सिद्धार्थ तिवारी, राजेश खरे, पीएलवी गोलूदास साहू, कला प्रजापति, छबिराज, सुलहकर्ता अधिवक्ता सुरेश ठाकुर, सुनीलकांत पांडेय, मिहिर झा, गिरिराज ठाकुर, संदीप दास, नीरज झा, उमाकांत महोबिया, सर्वेश ओसवाल, मनोज चौबे, नीरज साहू, सुबोधकांत पांडेय, मनराखन देवागंन, टीके चंदेल, रामकुमार जांगड़े, गजेंद्र ठाकरे, सूर्यदमन सिंह, सुप्रीत सिंह, घम्मन साहू, दीपेश ठाकुर कौशल कोसरे सहित अन्य मौजूद थे।



### 10 आपराधिक मामलों में समझौता

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि शर्मा के कोर्ट मे ट्रैफिक चालान में 498 मामलों में 49 हजार 800, कैसेस ऑफ यू-एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 126 प्रकरणों में 63 हजार, एनआई एक्ट 138 चेक बाउंस के 09 मामलो मे 32 लाख 37 हजार 489 रूपयो का अवार्ड पास हुआ इसके अलावा 10 आपराधिक मामलों समझौता हुआ। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा खलखो के न्यायालय में ट्रैफिक चालान में 232 मामलों में 23 हजार 200, कैसेस ऑफ यू-एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 7 प्रकरणों में 35 सौ अवार्ड राशि पास हुआ।

### राजी खुशी समझौता

5 क्रिमिनल कंपाउंडेबल और अदर सिविल केसेस के 03 मामले में भी राजी खुशी से समझौता हुआ साथ ही राजस्व न्यायालयों में 40 हजार 440 प्रकरण निराकृत हुआ जिसमे 2 करोड़ 30लाख 41हजार 979 रुपए राशि अवॉर्ड पारित हुआ। राजीनामा करने तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 41 हजार 355 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल अवार्ड 03 करोड़ 15 लाख 3 हजार 601 रूपए पारित हुआ।

## ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में दी जा रही पशु चिकित्सा सेवाएं

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टोल फ्री मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू) हेल्पलाइन 1962 के माध्यम से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं सुबह 8 से शाम 4 बजे तक प्रदान की जा रही है। शासन द्वारा पशु स्वास्थ्य में सुधार करने, किसानों को सहायता प्रदान करने एवं मृत्यु दर को कम करने एमवीयू वाहन सेवा शुरू की गई है।

इसके तहत जिले के प्रत्येक विकासखंड में मोबाईल वेटनरी वेन संचालित की जा रही है। प्रत्येक एमवीयू वाहन द्वारा प्रतिदिन 3 ग्रामों के गौठानों का भ्रमण कर पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, टिकाकरण एवं औषधी वितरण की सेवाएं दी जा रही है। ग्रामों के भ्रमण के लिए तीन माह का रोस्टर तैयार कर सभी पशु चिकित्सा संस्था एवं जिला पंचायत को सूचित किया जाता है। इसके साथ ही एमवीयू वाहन में उपलब्ध आडियो व वीडियो के माध्यम से शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाता है। पशु पालकों को पशुओं को खुले में नहीं छोडऩे के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही पालतु पशुओं के खुले में पाए जाने पर जुर्माना वसूली की जानकारी पशु पालकों को दी जा रही है।

# रामनवमी पर 27 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रामनवमी अवसर पर आगामी 27 मार्च को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में सर्व समाज के पदाधिकारियों एवं विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समाज एवं संगठनों के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा को सुचारू एवं भव्य रूप से संपन्न कराने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही निर्णय लिया गया कि वार्ड स्तर पर बैठकें कर तथा जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने आमंत्रित किया जाएगा। बैठक का संचालन एवं संबोधन नंदू साहू, विष्णु साव, अनुप श्रीवास, योगेश बागड़ी, मनोज बैद, पवन डागा, शिव वर्मा, पवन पटेल, राधेश्याम गुप्ता, अरूण गुप्ता, शिव श्रीवास्तव, गीता साहू, मणीभास्कर गुप्ता, पारूल जैन, सरस्वती यादव सहित अन्य वक्ताओं ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### महावीर चौक से प्रारंभ होगी यात्रा

रामनवमी शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में निकलने वाली यह शोभायात्रा महावीर चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के बाद पुनः वहीं समाप्त होगी। समापन के पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को रामप्रसादी का वितरण किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 मार्च को हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में दोपहर 4 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से बाइक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके माध्यम से शहर के सनातनियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देने का आह्वान किया गया।

# शहर में कृष्णा पब्लिक स्कूल का उद्घाटन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले के लिए विद्यालयों की श्रृंखला में आज एक और नया आयाम कृष्णा पब्लिक स्कूल के रूप में जुड़ गया। रविवार को केपीएस स्कूल को सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने औपचारिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इसी के साथ इस स्कूल में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक का प्रवेश भी प्रारंभ हो गया। ज्ञात हो कि कृष्णा पब्लिक स्कूल को शहर के पारीनाला स्थित जानी-मानी संस्था सीआईटी कॉलेज परिसर में स्थापित किया गया है, जो कि राजनांदगांव शह की पारीनाला बायपास चौक के समीप स्थित रहेगी। कृष्णा पब्लिक स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध संस्था है, जो कि केपीएस भिलाई नेहरू नगर के बैनर पर संचालित की जाएगी। राजनांदगांव केपीएस में एकेडेमिक्स को पूरी तरह से भिलाई केपीएस के मार्गदर्शन में संचालित की जाएगी।

केपीएस ग्रुप का भिलाई, रायपुर व बिलासपुर के बाद राजनंदगांव कॉलेज सीआईटी कॉलेज परिसर में प्रारंभ होना शहर के लिए एक सौगात साबित होगा। केपीएस राजनांदगांव के उद्घाटन के अवसर पर सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने केपीएस भिलाई के डायरेक्टर आनंद त्रिपाठी, सीआईटी कॉलेज के डायरेक्टर धीरज कन्नौजे, प्रदीप सोनेश्वरी, रविन्द्र रामटेके तथा केपीएस राजनांदगांव के डायरेक्टर धनंजय सिंग, योगेश बागरेचा एवं रजत पिंचा को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डायरेक्टरों के परिवार के साथ नवप्रवेशित बच्चों के पालक एवं बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए।

### विश्व वन्यजीव दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वायत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा आम जनमानस में वन्यजीवों के संरक्षण, जैव विविधता के महत्व और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. केएल दामले के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर देता है कि पृथ्वी पर मौजूद प्रत्येक जीव-जंतु और वनस्पति का अपना एक विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि जैव विविधता पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र की आधारशिला है और यदि वन्यजीवों का संरक्षण नहीं किया गया तो प्राकृतिक संतुलन बिगड़ सकता है। जिसका सीधा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ेगा। डॉ. संजय ठिसके ने अपने उद्बोधन में पारिस्थितिकी तंत्र में वन्यजीवों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के प्रमुख राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों और संरक्षित क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में गुरप्रीत सिंह भाटिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चिरंजीव पांडेय ने भी विश्व वन्यजीव दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। करुणा रावटे ने कहा कि वन्यजीव पृथ्वी की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इनके बिना पर्यावरणीय संतुलन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस अवसर पर प्राणीशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि वे वन्यजीवों और पर्यावरण के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करेंगे तथा समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उपयोगी सिद्ध हुआ।

# श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ संस्कारधानी में पूजी जा रही गणगौर

## शिव और पार्वती के स्वरूपों की होती है पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी में भी राजस्थान के सबसे बड़े पर्व गणगौर की पूजा श्रद्धा-भक्ति के साथ की जा रही है। गण मतलब शंकर और गौर मतलब पार्वती के स्वरूप की पूजा होलिका दहन के दूसरे रोज से कन्याओं, नवविवाहितों एवं महिलाओं द्वारा 16 दिनों तक विभिन्न रीति-रिवाजों के तहत मनाया जा रहा है। इस पर्व का अंतिम दिन गणगौर उत्सव के रूप में इस वर्ष 21 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस संबंध में संस्कृति शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र के साथ श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में भगवान शंकर व पार्वती के स्वरूप की गणगौर के रूप में पूजा अर्चना 16 दिनों तक की जाती है।

### छग के लोक पर्व से है समानता

जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में दीपावली पर्व पर गौरी-गौरा के तहत भगवान शिव और पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। ठीक उसी प्रकार होली के दूसरे रोज रंगोत्सव से गणगौर का प्रारंभ होता है। इसमें भी शिव और पार्वती की ही पूजा का महत्व है। दोनों ही पर्वों में विसर्जन के समय गौरी गौरा व गणगौर को महिलाएं सिर पर रखकर नृत्य करते हुए शोभायात्रा में निकलती है। तत्पश्चात विसर्जन किया जाता है। इस तरह यह पर्व छत्तीसगढ़ के गौरी गौरा से भी समानता रखता है। इस वर्ष गणगौर का प्रारंभ 4 मार्च रंगोत्सव से प्रारंभ हुआ था, इस पर्व का आखिरी दिन 21 मार्च को गणगौर पूजन, उद्यापन व विसर्जन के साथ होगा।

### भोलेनाथ को पाने मां पार्वती ने की थी पूजा

विभिन्न ग्रंथों व कथाकारों के अनुसार गणगौर के महत्व को इस रूप में समझाया गया है कि मां पार्वती ने भोलेनाथ को पाने के लिए गहन तप किया था। जिससे प्रसन्न होकर भोलेनाथ प्रकट हुए और माता पार्वती से वर मांगने कहा तो उन्होंने भगवान भोलेनाथ को अपने वर के रूप से मांगा। इस कारण गणगौर को गण मतलब शंकर और गौर मतलब पार्वती के रूप में चैत्र माह के कृष्ण व शुक्ल पक्ष में पूजा जाता है। हिन्दू रीति-रिवाजों में त्यौहारों का विशेष महत्व होता है। होली के पश्चात पड़ने वाली शीतला अष्टमी से इसर गणगौर व मालिन को विराजमान कर शोभायात्रा के रूप में बिंदोरा निकाला जाता है। सबेरे दूबी व जल से पूजा कर सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है। इस बार गणगौर पर्व 21 मार्च को विशेष पूजा अर्चना के साथ शहर में गणगौर का विसर्जन किया जाएगा।



राजनांदगांव। कर्मा जयंती के अवसर पर भक्त माता कर्मा की गई पूजा अर्चना।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720 9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आगजनी : रहस्यमय आग से किसान को लगभग 4 लाख रुपए की आर्थिक नुकसान

# तीन एकड़ गन्ने की फसल में लगी भीषण आग, फसल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महाराजपुर में देर रात लगी रहस्यमय आग ने किसान की महीनों की मेहनत को राख में बदल दिया है, करीब तीन एकड़ में खड़ी गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महाराजपुर में आगजनी की एक घटना में गन्ने की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई। इस भीषण आगजनी घटना में ग्रामीण किसान को लगभग चार लाख रुपए का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताड़ शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती सीमा वर्मा 51 वर्ष पति अतुल देव वर्मा, निवासी गुप्तापारा कवर्धा ने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि ग्राम महाराजपुर में उनके नाम से लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें गन्ने की फसल लगाई गई थी। बताया गया कि 15 मार्च की सुबह लगभग 5:30 बजे उनके अधिया किसान भुवन राम पटेल ने फोन कर खेत में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही सीमा वर्मा अपने पति अतुल देव वर्मा के साथ तत्काल खेत पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि गन्ने की पूरी फसल आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो चुकी थी और खेत में केवल जली हुई फसल के अवशेष ही बचे थे। प्रार्थिया के अनुसार 14 मार्च की रात लगभग 10 बजे से 15 मार्च की सुबह 5 बजे के बीच किसी अज्ञात कारण से खेत में आग लग गई, जिससे खड़ी गन्ने की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। इस घटना से उन्हें करीब 4 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

### आगजनी की घटना की जांच में जुटी पुलिस



घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट के आधार पर आगजनी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है, ताकि आग लगने की वास्तविक वजह सामने आ सके। स्थानीय किसानों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर नुकसान का आकलन करने और पीड़ित किसान को राहत दिलाने की मांग की है।

### आगजनी का मुख्य कारण गन्ने की सूखी पत्तियां

मार्च महीने के शुरूआती में ही भीषण गर्मी पड़ने तथा गन्ने के खेतों में आग लगने की घटनाएं अक्सर सूखी पत्तियों के कारण तेजी से फैलती हैं। बताया जाता है कि गन्ने फसल में आग की एक चिंगारी ही पुरी खेत को अपने चपेट में ले लेता है, जिससे भीषण आग जनी पर काबू पाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है।

# सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमि-पूजन



- ग्रामीणों के विशेष मांग पर मीनाक्षी आसकरण द्वारा जनपद पंचायत 15वें वित्त से मिली स्वीकृति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रविवार को जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 अंतर्गत ग्राम पंचायत जोराताल के आश्रित ग्राम तालपुर में सीसी रोड, सह-नाली निर्माण का भूमि पूजन किया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद सदस्य ने बताया की दशरथ धुर्वे के घर से आगे बरसात के दिनों में पानी निकासी के अभाव में दो फीट तक जलभराव हो जाता था, जिसके चलते ग्रामवासियों को आवागमन में काफी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिस पर ग्रामीण रहवासियों द्वारा जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे से विशेष मांग पर सीसी रोड, सह-नाली निर्माण कार्य हेतु अपने जनपद पंचायत के 15वे वित्त से 55,3650 रुपए की लागत राशि की स्वीकृती मिली। इस भूमिपूजन कार्यक्रम अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद सदस्य, श्रीमती गायत्री धनीदास मानिकपुरी सरपंच, गोवर्धन धुर्वे, बहल धुर्वे, चंद्रिका धुर्वे, जगन्नाथ धुर्वे, धनिदास मानिकपुरी, सुकबती धुर्वे, रमता बाई, विसर्जन पटेल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# प्रतापपुर से दामापुर सड़क निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

## सड़कों के निर्माण कार्य के बाद क्षेत्र के ग्रामवासियों को आवागमन मे मिलेगी सुविधा




- भावना बोहरा ने सेमरकोना में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र लोकार्पण, स्टॉप डेम, नाली, सीसी रोड का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरकोना स्कूल परिषर में प्रतापपुर से दामापुर सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा, श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र जनपद अध्यक्ष नंदिनी साहू, जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती उत्तरा ध्रुर्वे के उपस्थिति में भूमि-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विधायक श्रीमती भावना बोहरा का भव्य स्वागत फूल-माला, बैंड बाजा के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती उत्तरा धुर्वे, पंचगण व ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। विधायक भावना बोहरा द्वारा मां सरस्वती चित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए प्रतापपुर, भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर, दामापुर सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया साथ ही साथ ग्राम पंचायत सेमरकोना में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण, स्टॉप डेम, नाली, सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। वहीं श्रीमती बोहरा द्वारा ग्राम प्रतापपुर, भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर, दामापुर सड़कों स्वीकृत राशि जारी कर भूमि-पूजन किया गया। यह सड़क का हाल-बेहाल तथा जगह-जगह गड्ढा ही गड्ढा था जिस पर ग्राम के रहवासियों द्वारा लगातार मांग करते आ रहे थे। जिस पर विधायक ने आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए एक लंबा सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि दी गई। वहीं इन सड़कों के निर्माण कार्य के बाद कई गांवों के ग्रामवासियों को फायदा मिलेगा। इस कार्यक्रम में ओम प्रकाश यदु, सुरेश दुबे, नंदिनी साहू, सत्र किशोर सानू तिवारी, श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, मनहरण साहू, रामाधार शर्मा, दिनेश मिश्रा, भोलाराम चंद्रवंशी, अश्वनी यदु, मोहन चंद्रवंशी, सुधाराम साहू, माखन चंद्रवंशी, विनय शर्मा, अमन खनूजा, संजय चंद्रवंशी, श्रीमती उतरा धुर्वे, श्रीमती भानुमती साहू, कपिल चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, शेखर सिंगरौल, कृष्ण चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, भागवत साहू, रमन खनूजा, देवेंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र साहू, डॉ संतोष नेताम, भागीरथी सोनवानी, निलेश गुप्ता, भोला साहू सहित समस्त ग्रामवासी, प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# बिरकोना में कक्षा 10वीं व 12 की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा का अंतिम प्रश्न पत्र शनिवार को परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोना में बहुत ही शांतिपूर्ण एवं सुचारु ढंग से संपन्न हुआ। केन्द्राध्यक्ष नंदकुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, परीक्षा केंद्र के परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार, पेटी, प्रकाश एवं हवादार कक्ष तथा बैठने के लिए टेबल-बेंच की व्यवस्था की गई थी, परीक्षा के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा केंद्र का लगातार निरीक्षण भी किया गया। किसी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया, परीक्षा देने के लिए आसपास की स्कूल मानिकचौरी, सोनपुरी-रानी, प्राईवेट स्कूल से परीक्षार्थी आए। परीक्षाएं के संचालन के लिए आसपास की विद्यालयों से पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई, परीक्षा के सफल संचालन में शैलेंद्र श्रीवास्तव, कनक चंद्रवंशी, नरेश श्रीवास, एनडी वर्मा, नारायण ठाकुर, चित्रलेखा यादव,ओंकार प्रसाद, प्रीति राव, नौतम दास मानिकपुरी, नीमा शर्मा, प्रेरणा तिवारी, हरीश साहू, मदन भास्कर, धर्मराज शर्मा, तारकेश्वरी चंदेल, अनिल चंद्रवंशी के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

### पीएम फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल का सर्वे

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का सर्वे कार्य किया जा रहा है। इस सर्वे के माध्यम से किसानों की फसलों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा रहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से हुए नुकसान की भरपाई के लिए पात्र किसानों को मुआवजा प्रदान किया जा सके। जानकारी के अनुसार रबी सीजन 2025-26 में गांव के किसानों द्वारा मुख्य रूप से चना और गेहूं फसल का बीमा कराया गया है। इसी के तहत बीमा कंपनी के अधिकारियों द्वारा खेतों में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया जा रहा है। सर्वे कार्य के दौरान बीमा कंपनी के अधिकारी विवेक शुक्ला गरियाबंद के साथ ग्राम सेवक दीपांशु कुर्रे और पटवारी नितिन साहू भी मौजूद रहे। टीम द्वारा किसानों के खेतों में जाकर चना और गेहूं की फसल की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है।

# अंगिरा गोत्री विप्र समिति दुल्लापुर-रबेली की सराहनीय पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

अंगिरा गोत्री विप्र परिवार दुल्लापुर-रबेली के समस्त ग्रामवासियों के सुख शांति के लिए अंगिरा गोत्री विप्र परिवार की माताएं प्रत्येक शनिवार को मानस मंडली का संचालन कर रही हैं। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी घर-घर जाकर मानस पाठ, भजन-कीर्तन पूर्ण होने पर हवन पूर्णाहुति कर, समस्त ग्रामवासियों के मंगलमय जीवन के लिए प्रभु श्रीसीता-राम से कामना की। श्रीरामचरित्रमानस ज्ञान में सिखाती है कि जीवन कैसे जीना चाहिए, प्रभु श्रीराम की लीलाएं हमें सिखाती हैं मर्यादा के मार्ग पर चले, जीवन में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य के साथ जीवन जिए। उक्त जानकारी पं. प्रशांत शर्मा द्वारा दी गई।

### महतारी वंदन योजना से मिली प्रेरणा

**हरिभूमि कवर्धा।** आत्मविश्वास और मेहनत से कोई भी महिला अपने जीवन की दिशा बदल सकती है। इसका उदाहरण कबीरधाम जिले के ग्राम रानीगठूली की निवासी श्रीमती सीमा साहू हैं, जिन्होंने महतारी वंदन योजना से प्राप्त सहायता राशि को बचाकर सिलाई मशीन खरीदी और घर से ही सिलाई कार्य शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सराहनीय पहल की है। आज महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्रीमती सीमा साहू को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। उन्होंने इस राशि को नियमित रूप से बचाया और कुछ समय बाद उस बचत से एक सिलाई मशीन खरीदी। इसके बाद उन्होंने अपने घर से ही सिलाई कार्य की शुरुआत की। शुरुआत में यह काम छोटे स्तर पर था, लेकिन उनकी मेहनत और लगन के कारण धीरे-धीरे गांव के लोगों ने उनसे कपड़े सिलवाने शुरू कर दिए। आज सीमा साहू घर से ही सिलाई का कार्य कर रही हैं और इससे होने वाली आय उनके परिवार के लिए एक सहारा बन गई है। गांव की महिलाएं और आसपास के लोग अपने कपड़े सिलवाने के लिए उनके पास आने लगे हैं, जिससे उनका काम लगातार बढ़ रहा है। सिलाई कार्य से होने वाली आय और महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि की मदद से सीमा अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च भी उठा रही हैं।

# भोरमदेव महोत्सव: छपरी में 17 मार्च को होगा आयोजन, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भोरमदेव महोत्सव 2026 के आयोजन की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों और सामाजिक जनों से आयोजन की रूपरेखा तथा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए सुझाव लिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पवन जायसवाल, भगत पटेल, बालका राम किंकर वर्मा, नंद श्रीवास, लोकचंद साहू, नरेंद्र मानिकपुरी सहित जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं सामाजिक जन उपस्थित थें। बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया गया कि इस वर्ष भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्य प्रगतिरत होने के कारण पारंपरिक स्थल के स्थान पर 17 मार्च को ग्राम छपरी में भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए इसकी परंपरा को निरंतर बनाए रखते हुए इस वर्ष भी गरिमामय तरीके से आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच, दर्शक दीर्घा, प्रवेश द्वार, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए स्थल का चयन कर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होने कहा कि महोत्सव में अधिक से अधिक स्थानीय कलाकारों की सहभागिता का प्रयास है। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन, यातायात व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और आमजन की सुविधा से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्राप्त सुझावों को समाहित करते हुए आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएगी।

समाज ने कुलदेवी माता कर्मा के छाया-चित्र पर माल्यार्पण कर क्षेत्र के सुख, शान्ति व समृद्धि की प्रार्थना

# भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



विकासखण्ड बोड़ला ब्लॉक वनांचल समीपस्थ ग्राम जैतपुरी मे भक्त शिरोमणि कर्मा माता जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें साहू समाज के कुलदेवी माता कर्मा के छाया-चित्र पर प्रातः काल माल्यार्पण कर क्षेत्र के सुख, शान्ति व समृद्धि की प्रार्थना किया। इस बीच योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने बताया की कर्मा माता ने समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर किया, समाज में व्याप्त असमानताओ और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जाकर समाज में एकता और समानता की दिशा में कार्य किया। उन्होने कहा कि समाज के लोगो को आत्मसम्मान और एकता का संदेश दिया, माता कर्मा के घर स्वयं चलकर जगन्नाथ स्वामी खिचड़ी खाने आते थे। उसके निष्काम भक्ति-भाव वास्तव मे पूज्यनीय है। जिस पर साहू समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी को माता कर्मा जयंती मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मोतीराम साहू, हीरालाल साहू, अशोक साहू, भूनेश्वर, आजूराम, भीखम, मनिराम, जगदीश, जगेलाल, शिवकुमार, मुरली साहू, बेदूल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप



### फर्जी आईडी से ब्लैक मेलिंग, आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** पीड़िता की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए कुण्डा पुलिस ने पीड़िता का फर्जी इंस्टाग्राम, फेसबुक आईडी बनाकर सोशल मिडिया में फोटो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार गिरफ्तार किया। पीड़िता ने थाना कुण्डा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी से दोस्ती होने पर एक दूसरे से मोबाईल नंबर लेकर एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से बातचीत करने लगे। आरोपी पीडिता को धमकाकर उसे इंस्टाग्राम के माध्यम से अश्लील विडियो कॉल करने बोलता था और पीड़िता की स्क्रीन शॉट लेकर अपने मोबाईल में रख लेता कुछ दिनो बाद जब पीड़िता ने विडियों कॉल करने से मना किया तो आरोपी पीड़िता को धमकाने लगा कि उसके फोटो विडियों को वायरल कर दूंगा। इस बात की रिपोर्ट पर कुण्डा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पतासाजी के दौरान पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार पिता बुद्धीराम मोर्य आयु 34 वर्ष को सूरत गुजरात से गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया।

**विरोध:** यूजीसी रेगुलेशन को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग, पीएम व राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में सवर्ण एकता मंच ने कवर्धा में लगाई महापंचायत, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी यूजीसी रेगुलेशन 2026 के विरोध में रविवार को सवर्ण एकता मंच ने जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल महापंचायत का आयोजन किया। स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित इस महापंचायत में कवर्धा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के महिला, पुरुष और युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने यूजीसी द्वारा जारी अधिसूचना पर आपत्ति जताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। महापंचायत के दौरान वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जनवरी 2026 में यूजीसी (प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस) रेगुलेशंस, 2026 जारी किया गया है, जिसे 15 जनवरी 2026 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर लागू किया गया।

इस अधिसूचना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रावधान किए गए हैं तथा संस्थानों में इक्विटी कमेटियों के गठन की बात कही गई है। महापंचायत में शामिल वक्ताओं का कहना था कि इस अधिसूचना में सामान्य वर्ग के छात्रों की सुरक्षा और इक्विटी कमेटियों में उनके प्रतिनिधित्व को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है, जो गंभीर संवैधानिक प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिसूचना में दुर्भावनापूर्ण अथवा झूठी शिकायतों पर किसी प्रकार के दंड का प्रावधान नहीं है, जिससे इसके दुरुपयोग की आशंका बढ़ जाती है। सवर्ण समाज के लोगों में यूजीसी रेगुलेशन 2026 को लेकर खासा असंतोष व आक्रोश देखने को मिला।




**गांधी मैदान से निकाली गई विशाल रैली**

महापंचायत के बाद सवर्ण एकता मंच के बैनर तले बड़ी संख्या में लोगों ने गांधी मैदान से एक विशाल रैली निकाली। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिग्नल चौक पहुंची, जहां मंच के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। यह ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम भेजा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 समानता और न्याय के मूल अधिकारों की गारंटी देते हैं। ऐसे में किसी भी कानून या नियम का उद्देश्य सभी वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि किसी एक वर्ग के पक्ष में असंतुलन पैदा करना। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि देश के विकास, प्रशासन, शिक्षा, उद्योग और राजस्व सृजन में सामान्य वर्ग का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, इसलिए उनके अधिकारों और प्रतिनिधित्व को भी समान रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए।



**समान्य वर्ग की अनदेखी का आरोप**

सवर्ण एकता मंच ने आरोप लगाया कि यूजीसी की इस अधिसूचना के कारण सामान्य वर्ग के अधिकारों की अनदेखी हो रही है, जिससे समाज में असंतोष और नाराजगी का माहौल बन रहा है। मंच के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और सभी वर्गों के छात्रों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित, निष्पक्ष और संविधानसम्मत नीति बनाई जाए। कार्यक्रम के दौरान मंच के पदाधिकारियों ने चेतावनी भी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौधाम योजना का किया शुभारंभ

## कबीरधाम जिले में 36 गौधाम होंगे संचालित



■ निराश्रित गौवंश को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से राज्य में निराश्रित एवं घुमंतू गौवंश के संरक्षण और उनके समुचित व्यवस्थापन के उद्देश्य से गौधाम योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में भी गौधाम की शुरुआत की गई है। जिले में कुल 36 गौधाम का संचालन किया जाएगा, जहां निराश्रित गौवंश की देखभाल और संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के शहरी गौधाम (स्वर्ण जयंती गौधाम) लोहारा रोड स्थित परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गौपालक और किसान वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए गौधाम योजना की शुरुआत कर रही है। यह योजना निराश्रित और घुमंतू गौवंश के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में प्राचीन काल से ही गौ माता को अत्यंत पूज्जनीय माना गया है। हमारे धार्मिक ग्रंथों और परंपराओं में गौ को माता का दर्जा दिया गया है और सदियों से समाज में गौ सेवा और गौ संरक्षण की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि समय के साथ बदलती जीवनशैली और शहरीकरण के कारण कई स्थानों पर गौवंश निराश्रित होकर सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं, ऐसे में गौवंश के संरक्षण, देखभाल, भोजन, उपचार और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करना समाज और शासन दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री साहू ने कहा कि गौधाम की स्थापना से निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, जहां उनके लिए चारा, पानी, चिकित्सा और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट ने कहा कि गौ माता से हमें दूध सहित अनेक उपयोगी उत्पाद प्राप्त होती हैं। उनके संरक्षण के लिए गौधाम का संचालन किया जा रहा है, जहां गौवंश के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। गौवंश का संरक्षण और संवर्धन हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि गौधाम योजना के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष बोड़ला विजय पाटिल, जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी, राम किनकर वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, उमंग पांडेय, खेमराम साहू, बिहारी राम धुर्वे, आशीष देवांगन सहित बड़ी संख्या में किसान और अधिकारी उपस्थित रहे।

# 120 पौवा अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना पंडरिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना अवैध शराब परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 120 पौवा अवैध देशी शराब जप्त की है।

इस संबंध में पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नवागांव हटहा के रहने वाले जितेन्द्र बंजारा ऊर्फ जित्तु नामक व्यक्ति अपने दोस्त दिनेश ऊर्फ छोटा तथा देवकुमार ऊर्फ नानू के साथ मिलकर एक लाल रंग के अपाचे मोटर सायकल एवं सफेद रंग के स्विफ्ट कार से शराब परिवहन करने के लिए देशी प्लेन शराब को खरीद-खरीद कर कुकदूर रोड पेट्रोल पम्प के आगे पुल के पास देशी प्लेन शराब को डम्प कर रखे है। इस सूचना पर पंडरिया पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी जितेन्द्र बंजारा ऊर्फ जित्तु पिता लखन बंजारा उम्र 19 साल निवासी नवागांव हटहा थाना पंडरिया जिला कबीरधाम, दिनेश ऊर्फ छोटा जोगी पिता संतु जोगी उम्र 21 साल निवासी वार्ड नम्बर 08 घोघरापारा पंडरिया तथा देवकुमार टंडन ऊर्फ नानू पिता स्व. अशोक टंडन उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्रमांक 10 मोतिमपुर पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को अभिरक्षा में लिया गया।



पुलिस ने इन आरोपियों के जिसके पास से 120 पौवा देशी प्लेन मंदिरा कुल मात्रा 21.600 बल्क लीटर कीमती करीबन 9600 रूपए एवं एक लाल रंग का बिना नम्बर का टीवीएस अपाचे मोटर सायकल कीमती करीबन 85000 रूपए, एक सफेद रंग का स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 09 जेण्न 3931 कीमती करीबन 300000 रूपए एवं शराब बिक्री की रकम 5200/ रूपए कुल जुमला कीमती 399800 रूपए जप्त किया गया है।

आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2),36,42 आबकारी एक्ट के तहत थाना पंडरिया में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही कर पकडे.गए तीनो आरोपीगण को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पंडरिया के नेतृत्व में थाना स्टाफ सहायक उप निरीक्षक मानिक सिन्हा, प्रधान आरक्षक सतीश साहू, आरक्षक अभिषेक शर्मा, आकाश भोई, विकास जांगडे, हरनारायण चेलकर का विशेष योगदान रहा।

# वैभवी की यूपीएससी में सफलता पर अग्रवाल समाज ने किया सम्मान, 35वीं रैंक मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



संघर्ष और प्रतिभा जब मिल जाते हैं, तो सफलता कदम चूमती है। इसी बात को अग्रवाल समाज की लाड़ली वैभवी ने चरितार्थ किया है। अग्रवाल समाज की होनहार बिटिया वैभवी अग्रवाल ने देश की प्रतिष्ठित सूपीएससी 2025 परीक्षा में पूरे भारत में 35 वां स्थान प्राप्त कर पूरे देश में अग्रवाल समाज का मान बढ़ाया है। सफलता के इस शिखर को छूने के बाद कवर्धा आगमन पर वैभवी का भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशियां साझा करने के लिए समाज के लोग बड़ी संख्या में उमड़ पड़े। इस अवसर पर कवर्धा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एवं समस्त वरिष्ठजनों ने वैभवी का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। अग्रवाल महिला मंडल कवर्धा की सदस्यों ने वैभवी का तिलक लगाकर और आरती उतारकर स्नेहपूर्ण अभिनंदन किया। नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षदों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने इस गौरवशाली पल में शामिल होकर वैभवी के उज्वल भविष्य की कामना की। वैभवी की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रशासनिक हलकों में भी खुशी की लहर है। डीएफओ निखिल अग्रवाल कवर्धा और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने फोन कर वैभवी को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैभवी की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। वैभवी की सफलता यह सिद्ध करती है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वह आज की पीढ़ी के लिए एक मिसाल हैं।

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




■ उपभोक्ताओं को अधिकारों व प्रावधानों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शीबा खान सहित खाद्य एवं औषधि विभाग, नाप-तौल विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रतिनिधि, सहायक खाद्य अधिकारी तथा सभी खाद्य निरीक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के दौरान सही दाम, सही मात्रा और अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तथा पैकेजिंग संबंधी प्रावधानों के तहत विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं को बताया गया कि वस्तुएं खरीदते समय एमआरपी दर, आईएसआई मार्क, उत्पाद तिथि, एक्सपायरी डेट आदि अवश्य जांचें तथा खरीदे गए सामान का बिल अनिवार्य रूप से लें। कंपनी द्वारा पैक्ड वस्तुओं का वजन भी तौलवा कर लें। जिला खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही ठगी और अनियमितताओं से बच सकता है। कोई भी वस्तु खरीदते समय उसका बिल जरूर लेना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर उपभोक्ता फोरम में शिकायत कर अपने अधिकारों का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले बढ़ रहे हैं, इसलिए उपभोक्ताओं को सतर्क रहना चाहिए। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें, क्योंकि इससे धोखाधड़ी की संभावना रहती है। जिला उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधि ने बताया कि छोटी से छोटी तथा बड़ी से बड़ी राशि के नुकसान की स्थिति में भी उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सरल है और इसके लिए ई-दाखिला की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद सुनवाई की जाती है और सामान्यतः तीन माह के भीतर मामलों का निराकरण किया जाता है। इस अवसर पर एएफओ दलेश्वर साहू, अधिवक्ता गण, पेट्रोल पंप संचालक, खाद्य निरीक्षक सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

**चैत्र नवरात्र पर्व का शुभारंभ 19 मार्च से, पर्व को लेकर सनातनियों में भारी उत्साह, किए जाएंगे मनोकामना कलश प्रज्जवलित**

# चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर नगर के शक्तिपीठो व मंदिरों में की जा रही जोरदार तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व श्रृद्धा भक्ति के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लस से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां नगर के शक्तिपीठों एवं देवी मंदिरों में शुरू कर दी गई है।

पंचाग के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 2026 का शुभारंभ 19 मार्च दिन मंगलवार से होगा और समापन 27 मार्च दिन शुक्रवार को होगा। पर्व के मौके पर हर बार की तरह इस बार भी श्रृद्धालुओं द्वारा नगर सहित अंचल के शक्तिपीठों में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जा रहे हैं।

जिसका पंजीयन मंदिर समितियों द्वारा काफी पहले ही प्रारंभ कर दिया गया है, जो चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से शुभ मुहुर्त में आदि शक्ति के चरणों में जगमगाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि धर्मनगरी कवर्धा को शक्तिपीठों का गढ़ कहा जाता है और यहां चैत्र व क्वांर नवरात्र का पर्व हर साल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाता है।

धर्म और आस्था की इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर में स्थापित मां विंध्यवासनी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोष मंदिर, मां काली मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियां की जा रही है। चैत्र नवरात्र पर्व की नजदीकियों को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कर ज्योति कलश कक्षों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि इन शक्ति पीठों में हर साल नवरात्र पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। सार्वधिक मनोकामना ज्योतिकलश नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां विंध्यवासनी मंदिर में प्रज्जवलित कराए जाते हैं।

जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा खास इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए विशाल कक्ष तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा पर्व के मद्देनजर मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई कर आकर्षक साज सज्जा की तैयारी है।

ऐसी ही तैयारियां नगर के दूसरे शक्तिपीठों में भी की जा रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि एक बार फिर नगर व अंचलवासियों ने शक्ति की भक्ति करने की पूरी तैयारियां शुरू कर दी है।

**कलश बनाने में जुटे कुम्हार**

आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले श्रद्धा-भक्ति के इस पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार करने वाले नगर व आसपास के कुम्हार भी बड़ी सिद्दत से मिट्टी के कलश निर्माण कार्य में जुटे हुए है। इन कुम्हारों को विभिन्न मंदिर समितियों द्वारा हजारों की संख्या में ज्योति कलश निर्माण का आर्डर पहले ही मिल चुका है। जिनके निर्माण कार्य में कुम्हारों का पूरा परिवार लगा हुआ है। कलश निर्माण कार्य में जुटे कुम्हारों ने बताया कि नगर में स्थापित देवी मंदिरों की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। जिसके चलते हमें बड़ी संख्या में ज्योति कलश निर्माण का आर्डर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी गत वर्ष की तुलना में कहीं अधिक ज्योति कलश का निर्माण किया जा रहा है।